पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)
————————

राज्यपाल ने छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर की नैक ग्रेडिंग हेतु तैयार एस0एस0आर0 की समीक्षा की

————————

राज्यपाल ने प्रस्तुतिकरण में व्यापक सुधार के निर्देश दिए

————————

अधिक से अधिक फोटो हाइपर लिंक में संलग्न करें

———————

विश्वविद्यालय की विशेषताओं को विस्तार से अंकित करें

——————

गोद लिए गांवों के बच्चों तक पुस्तकालय की सुविधा पहुंचाएं

——————

स्वास्थय कार्यक्रमों में लाभार्थी के स्वस्थ होते तक का विवरण दर्शाएं

——————

सशक्त एस0एस0आर0 दाखिल कर उच्चतम ग्रेड हासिल करें
—राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

————————

लखनऊः 10 अप्रैल, 2023

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज यहां राजभवन स्थित प्रज्ञाकक्ष में छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर की नैक ग्रेडिंग के लिए तैयार सेल्फ स्टडी रिपोर्ट की समीक्षा की। विश्वविद्यालय पूर्व में दो बार नैक से ग्रेडिंग प्राप्त कर चुका है और अब तीसरी बार ग्रेडिंग के लिए एस0एस0आर0 दाखिल करने जा रहा है।

राज्यपाल जी ने प्रस्तुतिकरण की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए व्यापक सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा प्रत्येक क्राइटेरिया में विश्वविद्यालय अपने विवरण विस्तार

के साथ अंकित करें। उन्होंने विवरण में हाइपर लिंक्स से अधिक से अधिक फोटो संलग्न करके प्रस्तुतिकरण को प्रमाणित और सशक्त बनाने को कहा।

राज्यपाल जी ने विश्वविद्यालय द्वारा परिसर से बाहर की जा रही गतिविधियों तथा विश्वविद्यालय में गुणवत्तापरक शैक्षिक कार्यों की सराहना की। उन्होंने निर्देश दिया कि विश्वविद्यालय गोद लिए गांवों के बच्चों तक पुस्तकालय की सुविधा पहुंचाए। उन्होंने इसी क्रम में विश्वविद्यालय द्वारा अपने परिसर तथा गांवों में कैम्प लगाकर चलाए गए स्वास्थय कार्यक्रमों की चर्चा भी की। उन्होंन निर्देश दिया कि जो भी स्वास्थय कार्यक्रम विश्वविद्यालय द्वारा चलाए गए हैं। उनके लाभार्थियों के स्वस्थ होने तक का विवरण फोटो सहित एस0एस0आर0 में जोड़ा जाए। राज्यपाल जी ने प्रस्तुतिकरण के कुछ बिन्दुओं में पुनर्लेखन का सुझाव भी दिया।

चर्चा के क्रम में राज्यपाल जी ने विश्वविद्यालय की नैक हेतु गठित टीम को मूल्यांकन के लिए की गई तैयारियों के बिन्दुवार लेखन का सुझाव भी दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा इस पर तैयार बुकलेट देश के अन्य राज्यों में स्थापित विश्वविद्यालयों के लिए भी उपयोगी सिद्ध होगी। राज्यपाल जी ने टीम के सभी सदस्यों को सशक्त तैयारी के साथ नैक के उच्चतम ग्रेड हेतु एस0एस0आर0 दाखिल करने के लिए उत्साहवर्द्धन किया।

बैठक में राजभवन से विशेष कार्याधिकारी शिक्षा श्री पंकज जॉनी, विश्वविद्यालय के कुलपति श्री विनय पाठक, टीम के सभी सदस्य तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

————————

डॉ0 सीमा गुप्ता
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र– 8318116361